नालंदा में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

बिहार के मुख्यमंत्री ने अपनी **प्रगति यात्रा** के दौरान **नालंदा** में 820.72 करोड़ रुपए की कुल 263 **विकास परियोजनाओं** का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मुख्य बिंदु

प्रमुख उद्घाटन और शिलान्यास

- इन विकास परियोजनाओं में 361.66 करोड़ रुपए की 177 परियोजनाओं का उद्घाटन और 459.05 करोड़ रुपए की 86 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। **जिनमें प्रमुख परियोजनाएँ निम्नलिखित हैं:**
  - **तालाब और पुस्तकालय का उद्घाटन: इस दौरान उन्होंने सिलाव प्रखंड के नानंद गाँव में अमृत सरोवर योजना के तहत बने तालाब, सुंदर पार्क और वातानुकूलित** डिजिटल पुस्तकालय **का उद्घाटन किया।**
  - **सामाजिक उत्थान पार्क**: ₹19-22 लाख की लागत से निर्मित, इसे स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश
  - **प्रधानमंत्री आवास योजना**: के तहत 12 महादलित परिवारों को नवनिर्मित मकान सौंपे (बिजली, पानी और बागवानी सुविधा सहित)
  - **जीविका दीदियों** को आर्थिक सहयोग प्रदान
  - **राजगीर कुंड परिसर**: नवनिर्मित यात्री विश्राम भवन का उद्घाटन
  - **बेनार-सकसोहरा मार्ग**: चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण करना
  - **मत्स्य हैचरी**: निरीक्षण किया
  - **स्थानीय खेल मैदान**: निरीक्षण, खिलाड़ियों को ब्लेजर बॉल और खेल किट प्रदान की
  - **सामाजिक भवन, वर्क शेड और चाइल्ड वेलफेयर स्कीम** के लाभार्थियों से संवाद
- **भावी परियोजनाएँ**
  - **राजगीर में डायनासोर पार्क** का निर्माण
  - **पंचाने सिंचाई योजना**: जीर्णोद्धार और विकास
  - **सरमेरा में कृषि अनुसंधान केंद्र** की स्थापना

नालंदा ज़िला

- **परिचय**
  - नालंदा बिहार का एक प्रमुख ज़िला है जिसका मुख्यालय **बिहार शरीफ** है। इसका क्षेत्रफल 2,355 वर्ग किलोमीटर (909 वर्ग मील) है।
- **ऐतिहासिक महत्त्व**
  - नालंदा अपने प्राचीन इतिहास के लिये विश्व प्रसिद्ध है।
  - यहाँ विश्व के सबसे पुराने **नालंदा विश्वविद्यालय** के अवशेष आज भी स्थित हैं।
  - **बुद्ध और महावीर** कई बार नालंदा में ठहरे थे।
  - महावीर ने मोक्ष की प्राप्ति **पावापुरी (नालंदा)** में की थी।
  - बुद्ध के प्रमुख शिष्य **शारिपुत्र का जन्म नालंदा** में हुआ था।
  - प्रसिद्ध चीनी यात्री **ह्वेनसांग** ने 7वीं शताब्दी में यहाँ एक वर्ष बिताया था।
- **पर्यटन स्थल**
  - **नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेष**
  - **नालंदा संग्रहालय**
  - **ह्वेनसांग मेमोरियल हॉल**
  - **राजगीर** (गर्म पानी के झरने – ब्रह्मकुण्ड, सरस्वती कुण्ड, लंगटे कुण्ड)
  - **पावापुरी** (महावीर का निर्वाण स्थल)
  - **बोधगया एवं गया** (बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र)
- **प्रमुख नदियाँ**

- फल्गु
- मोहने

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-development-projects-in-nalanda